# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, 14 बाइकें बरामद

## तीन आरोपितों के पास से 15 हजार रुपये फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट आदि बरामद

जासं • श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस व एसओजी टीम ने रविवार को अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का राजफाश किया है। टीम ने भचकाही गांव के पास स्थित जंगल से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 14 चोरी की बाइकें बरामद हुई हैं। आरोपितों के पास से 15 हजार रुपये, फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, वाहन के नकली कागजात, पेचकस व वायर कटर बरामद हुआ है। आरोपित बाइकों को नेपाल भेजने के फिराक में थे।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने पुलिस कार्यालय में बताया कि शनिवार को सिरसिया थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति नेपाल सीमा के निकट जंगल में चोरी की बाइकों को एकत्र कर रहे हैं। सिरसिया पुलिस व एसओजी टीम ने बताए गए स्थान सहदेइया पुल के निकट घेराबंदी कर सोनवा क्षेत्र के रमवापुर निवासी तोताराम, दिलगजन व बहराइच जिले के नवाबगंज क्षेत्र के बनघुसरी गांव निवासी किशोरीलाल को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि अन्य साथियों के साथ मिलकर कुल 11 बाइकों को नेपाल सीमा के समीप भचकाही गांव के पास जंगल में स्थित झाड़ियों के बीच छिपा कर रखा है। इनकी निशानदेही पर टीम ने मौके पर पहुंच सभी बाइकों को बरामद कर लिया। आरोपितों के कब्जे से तीन अन्य बाइकें भी बरामद हुईं। गहनता से पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि इन बाइकों को यूपी के बलरामपुर, बहराइच, गोंडा समेत कई जिलों से चोरी किया है और नेपाल में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए एकत्र किया था। जांच में पता चला कि आरोपित वाहन चोरी के बाद उनका फर्जी नंबर प्लेट व नकली अभिलेख बनाते थे। वाहन को नेपाल सीमा के निकट जंगलों में छिपाकर रखते थे। मौका मिलते ही नेपाल ले जाकर बेच देते थे। वहां उन्हें अधिक दाम मिलते थे। पकड़े गए आरोपितों में से तोताराम पर पूर्व में भी मल्हीपुर थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। पूर्व में भी तोताराम को 13 बाइकों को बरामद कर जेल भेजा गया था। आरोपितों पर सिरसिया थाने में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया।

116 वाहनों का ई-चालान-श्रावस्ती: यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। नियम तोड़ने वाले 116 वाहनों का ई-चालान किया गया। एक लाख 62 हजार 600 रुपये का ई-शमन किया गया। चालकों को जागरूक किया।




भिनगा स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने बरामद बाइकों के साथ आरोपित व पुलिस टीम • जागरण

### बरामद की गई बाइकों का विवरण

आरोपितों के कब्जे से प्लेटिना-100, टीवीएस स्पोर्ट-ईएस, टीवीएस स्पोर्ट, प्लेटिना, हीरो स्पलेंडर, हीरो होंडा डीलक्स, पल्सर (काला), सीटी-100, पैशन प्रो (नीला), कलरफुल बाइक (माडल स्पष्ट नहीं), पैशन प्लस (लाल व काला), पैशन प्रो, हीरो स्पलेंडर, प्लेटिना बरामद हुई है।

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**खुलासा**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने वाहन चोर गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। साथ ही जंगल में छिपाकर रखी गई चोरी की 14 बाइक बरामद की। बरामद बाइक को जब्त कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

सिरसिया थाने के थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय को रविवार तड़के मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति नेपाल सीमा के निकट जंगल में चोरी की मोटरसाइकिलें इकट्ठा कर उन्हें नेपाल भेजने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद थानाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद एसपी घनश्याम चौरसिया की ओर से थानाध्यक्ष व एसओजी नितिन यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्र स्थित सहदेइया पुल के पास घेराबंदी करते हुए तीन संदिग्धों को दबोच लिया। जिनसे उनके पास मौजूद बाइक के बारे में पूंछताछ की गई तो पता चला कि वह चोरी की थी। साथ ही आरोपियों ने बताया कि उन्होंने विभिन्न जनपदों से चुराई गई 11 और बाइकों को नेपाल सीमा के पास जंगल में स्थित झाड़ियों के बीच छिपा कर रखा। पुलिस ने मौके पर तीनों बाइकों को जब्त करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखी गई 11 और बाइकों को बरामद कर जब्त कर लिया। आरोपियों की पहचान तोताराम पुत्र दयाराम व दिलगजन पुत्र श्रीराम निवासी रमवापुर थाना सोनवा तथा किशोरी लाल पुत्र रामसेवक निवासी बनघुसरी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से 15 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किए हैं।



बरामद बाइक के साथ मौजूद आरोपी। • हिन्दुस्तान

### नकली नम्बर प्लेट व पेपर तैयार कर बेंचते थे बाइक

मामले का खुलासा करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि आरोपी लंबे समय से श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा सहित कई जनपदों से मोटरसाइकिल की चोरी करते रहे हैं। बाइक चोरी करने के बाद यह अपराधी उनका फर्जी नंबर प्लेट व नकली कागज बनाते लेते थे। चोरी की बाइकों को नेपाल सीमा के निकट जंगलों में छिपाकर रखते थे तथा मौका देखकर सीमा पार कर नेपाल में ले जाकर बेंच देते थे। क्योंकि नेपाल में बाइक की भारी डिमांड के कारण उन्हें अच्छी कीमत मिल जाती है।